गंगा कार्य योजना

1899. **प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा:** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गंगा कार्य योजना कब आरंभ हुई थी;

(ख) अब तक इस पर कितनी धनराशि खर्च की गई है;

(ग) अब तक लक्ष्यों में कितने प्रतिशत सफलता मिली है;

(घ) गंगा कार्य योजना का अगला चरण कब तक प्रारम्भ होगा; और

(ङ) इस चरण पर कितनी धनराशि खर्च की जाएगी और इसके क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए है?

पर्यावरण और वन मंत्री (प्रो० सैफउद्दीन सोज): (क) गंगा कार्य योजना जून, 1985 में शुरू की गई थी।

(ख) गंगा कार्य योजना पर अब तक 446.62 करोड़ रु० की धनराशि खर्च की जा चुकी है।

(ग) गंगा कार्य योजना चरण-1 के अन्तर्गत श्रेणी I के 25 शहरों में विभिन्न श्रेणी की 261 स्कीमें जैसे म्युनिसिपल अपशेष जल का अवरोधन, दिशापरिवर्तन और उपचार, शवदाहगृह नदी तटाग्र विकास, अल्प लागत स्वच्छता आदि जैसे कार्य शुरू किए गए। अब तक 251 स्कीमें पूरी हो चुकी हैं जो लक्ष्य का 96% है। ब्यौरा विवरण में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**

(घ) गंगा कार्य योजना का अगला चरण जो कि गंगा कार्य योजना चरण II है पहले ही शुरू हो चुका है। यह राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना का भाग है।

(ङ) गंगा कार्य योजना चरण-II की अनुमोदित लागत 1281.16 करोड़ रु० है। इस योजना के अन्तर्गत 1770 मिलियन लीटर प्रतिदिन सीवेज उपचार का लक्ष्य रखा गया है।

विवरण

स्कीम की किस्म	उत्तर प्रदेश	बिहार	पश्चिम बंगाल	कुल
1. सीवेज अवरोधन एवं दिशापरिवर्तन	40 (40)	17 (17)	20 (31)	86 (88)
2. सीवेज उपचार संयंत्र	12 (13)	3 (7)	13 (15)	28 (35)
3. अल्प लागत स्वच्छता	14 (14)	7 (7)	22 (22)	43 (43)
4. विद्युत शवदाहगृह	3 (3)	8 (8)	16 (17)	27 (28)
5. नदी तटाग्र सुविधाएं	8 (8)	3 (3)	24 (24)	35 (35)
6. अन्य स्कीमें	28 (28)	3 (3)	1 (1)	32 (32)
कुल:	105 (106)	41 (45)	105 (110)	251 (261)

( ) कोष्ठक में दिए गए आंकड़े कुल स्कीमें है।